भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 540

जिसका उत्तर 25.07.2024 को दिया जाना है

वाहनों के लिए अधोगामी पुल और फ्लाई ओवर

540. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा वर्ष 2019 में आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में गोलागामुडी जंक्शन में एक, चिंतारेड्डीपालेम जंक्शन और बुजाबुजा में वाहनों के लिए दो अंडरपास और दो फ्लाईओवरों के निर्माण का कोई प्रस्ताव था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त परियोजनाओं के संबंध में एनएचएआई द्वारा सर्वेक्षण पूरा करने में विलंब के क्या कारण हैं; और

(ग) यह सर्वेक्षण कब तक पूरा कर लिया जाएगा और एनएचएआई डीपीआर कब तक शुरू करेगी तथा उक्त परियोजनाओं को पूरा करने की संभावित तिथि क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) गोलागामुडी जंक्शन पर वाहन अंडर पास (वीयूपी), नेल्लोर टी-जंक्शन (बुजाबुजा) पर फ्लाईओवर और सुंदरैया कॉलोनी जंक्शन पर सर्विस रोड के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है।

चिंतारेड्डीपालेम में वीयूपी के निर्माण का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****